# Worksheet Hindi S.A-I
## Class VIII June 2012.

प्रश्न 1 पाठ:- ध्वनि
कवि को ऐसा विश्वास क्यों है कि उसका अंत अभी नहीं होगा ?

प्रश्न 2 फूलों को अनंत तक विकसित करने के लिए कवि कौन - कौन सा प्रयास करता है ?

प्रश्न 3 कवि पुष्पों की तंद्रा और आलस्य दूर हटाने के लिए क्या करना चाहता है ?

पाठ:- लाख की चूड़ियाँ

प्रश्न 4 बचपन में लेखक अपने मामा के गाँव चाव से क्यों जाता था और बदलू को बदलू मामा न कहकर बदलू - काका क्यों कहता था ?

प्रश्न 5 वस्तु विनिमय क्या है ? विनिमय की प्रचलित - पद्धति क्या है ?

प्रश्न 6 "मशीनी - युग ने कितने हाथ काट दिए हैं।" इस पंक्ति में लेखक ने किस व्यथा की ओर संकेत किया है ?

प्रश्न 7 बदलू के मन में ऐसी कौन सी व्यथा थी जो लेखक से छिपी न रह सकी ?

प्रश्न 8 मशीनी - युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया ?

पाठ:- बस की यात्रा:-

प्रश्न 9 "मैंने उस कम्पनी के हिस्सेदार की तरफ़ पहली बार श्रद्धा भाव से देखा।"
लेखक के मन में हिस्सेदार साहब के लिए श्रद्धा क्यों जग गई ?

प्रश्न 10 "लोगों ने सलाह दी कि समझदार आदमी इस शाम वाली बस से सफ़र नहीं करते"। लोगों ने यह सलाह क्यों दी ?

प्रश्न 11 ऐसा - जैसे सारी बस ही इंजन है और हम इंजन के भीतर बैठे हैं। लेखक को ऐसा क्यों लगा।

प्रश्न 12 "गज़ब हो गया, ऐसी बस अपने आप चलती है।" लेखक को यह सुनकर हैरानी क्यों हुई ?

प्रश्न 13 "मैं हर पेड़ को अपना दुश्मन समझ रहा था।" लेखक पेड़ों को दुश्मन क्यों समझ रहा था ?

कविता:- दीवानों की हस्ती

प्रश्न 14 कवि ने अपने आने को 'उल्लास' और जाने को 'आँसू बनकर बह जाना' क्यों कहा है?

प्रश्न 15 कविता में ऐसी कौन-सी बात है जो आपको सबसे अच्छी लगी?

कविता:- भगवान के डाकिए

प्रश्न 16 कवि ने पक्षी और बादल को भगवान के डाकिए क्यों बताया है।

प्रश्न 17 किन पंक्तियों का भाव है:-

(क) पक्षी और बादल प्रेम, सद्भाव और एकता का संदेश एक देश से दूसरे देश को भेजते हैं।

(ख) प्रकृति देश-देश में भेदभाव नहीं करती। एक देश से उठा बादल दूसरे देश में बरस जाता है।

प्रश्न 18 एक देश की धरती दूसरे देश को सुगंध भेजती है- इस कथन का भाव स्पष्ट कीजिए।

कविता:- 'यह सबसे कठिन समय नहीं'

प्रश्न 19 "यह सबसे कठिन समय नहीं" यह बताने के लिए कविता में कौन-कौन से तर्क प्रस्तुत किए गए हैं? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 20 चिड़िया चोंच में तिनका दबाकर उड़ने की तैयारी में क्यों है? वह तिनकों का क्या करती होगी? लिखिए।

## व्याकरण

प्रश्न 1

### वाक्यांश के लिए एक शब्द

1. जो पूर्व समय में हुआ हो ...
2. जिसके समान दूसरा न हो
3. जो बात लोगों से सुनी गई हो
4. इतिहास को जानने वाला
5. पाप करने के अनंतर स्वयं दंड पाना
6. जिस शब्द के दो अर्थ हों
7. अपना नाम स्वयं लिखना
8. जो सबका प्रिय हो
9. जो सदा बदलता रहे
10. जो मांस न खाए।

### पर्यायवाची शब्द

1. उन्नति :-
2. पुष्प :-
3. पर्वत :-
4. समुद्र :-
5. सूर्य :-
6. चन्द्र :-
7. जल :-
8. मेघ :-
9. आकाश :-
10. सिंह :-

प्रश्न 2 उपसर्ग की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्रश्न 3 प्रत्यय की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्रश्न 4 निम्नलिखित तद्‌भव शब्दों के तत्सम रूप लिखो।

तद्‌भव शब्द

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. दस | - | 6. साँप | - |
| 2. पक्का | - | 7. साईं | - |
| 3. पानी | - | 8. साँकल | - |
| 4. लाख | - | 9. गोरा | - |
| 5. सरसों | - | 10. बीठ | - |

प्रश्न 5 मुहावरों की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्रश्न 6 निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

मुहावरा :-

1. अँगूठा दिखाना
2. अपना सा मुँह लेकर रह जाना
3. अपना उल्लू सीधा करना
4. आँखें चार होना
5. आँखों पर पर्दा पड़ना
6. आँच न आने देना
7. आसमान सिर पर उठाना
8. आकाश - पाताल एक करना
9. आकाश से बातें करना
10. आकाश - पाताल का अंतर।

पत्र :- जलवायु परिवर्तन के लिए गई सखी का पत्र।

अनुच्छेद :- 'हिन्दी - भाषा का महत्त्व'

अपठित गद्यांश

अपठित पद्यांश

Prepared by
Sameena Khatoon
(Girls) VI - VIII